**इरेडा नेवर्ष 2021-22 के लिए एमएनआरई, भारत सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया**

# 'उत्कृष्ट' रेटिंग के तहत 2749 करोड़ रुपए राजस्व लक्ष्य का निर्धारण



नई दिल्ली, 15 फरवरी, 2022

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने वर्ष 2021-22 के लिए वार्षिक कार्य-निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित करते हुए, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई), भारत सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन पर एमएनआरई के सचिव श्री इंदु शेखर चतुर्वेदी और इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास द्वारा आज एमएनआरई और इरेडा के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

भारत सरकार ने 'उत्कृष्ट' रेटिंग के तहत परिचालन से राजस्व के लिए 2,749 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया है तथा साथ ही विभिन्न कार्य-निष्पादन - संबंधित प्रमुख मापदंडों जैसे कि नेटवर्थ पर रिटर्न, कुल ऋण पर एनपीए, संपत्ति कारोबार अनुपात और प्रति शेयर आय आदि है।

इरेडा को वित्तीय वर्ष 2020-21 के एमओयू के लिए 96.93 स्कोर के साथ 'उत्कृष्ट' रेटिंग दी गई है। कंपनी ने अब तक 2900 से अधिक अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के ऋण खातों को संचयी ऋण स्वीकृति और संवितरण क्रमशः ₹ 1,08,606 करोड़ और ₹ 69,951 करोड़ वित्तपोषित किया है और देश में 19,463 मेगावाट की हरित ऊर्जा क्षमता वृद्धि को सपोर्ट किया है।

भारत सरकार द्वारा ₹1,500 करोड़ के अतिरिक्त इक्विटी निवेश के साथ, इरेडा आने वाले वर्षों में अक्षय ऊर्जा (आरई) क्षेत्र में शानदार वृद्धि के लिए तैयार है। इरेडा ₹ 12,000 करोड़ (लगभग) की अतिरिक्त ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए सक्षम होगा और आरई के लिए भारत सरकार के लक्ष्यों के लिए और अधिक योगदान करने में सक्षम होगा। ₹1,500 करोड़ के इक्विटी निवेश के बाद, इरेडा अपनी पूंजी की और अधिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लाने की भी योजना बना रहा है।